<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 24.07.2021

थाना कोतवाली नगर पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 1.5 किग्रा0 अवैध गांजा व एक अदद मोटर साइकिल बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री यमुना प्रसाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जनपद में अभियान चलाकर गिरफ्तारी/बरामदगी करने का निर्देश समस्त थाना प्रभारियों को दिया गया है, जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी/दक्षिणी व समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में शातिर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

आज दिनांक 24.07.2021 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त गौरव कुमार पुत्र दिलीप कुमार निवासी रूस्तमखेडा थाना बछरांवा जनपद रायबरेली को सेठ विसम्भर नाथ पुलिया थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी से गिरफ्तार किया गया । तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से कुल 1.5 किग्रा अवैध गांजा व एक अदद मोटर साइकिल बरामद हुई। उक्त सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 643/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

गौरव कुमार पुत्र दिलीप कुमार निवासी रूस्तमखेडा थाना बछरांवा जनपद रायबरेली

<u>बरामदगी-</u>

1. 1.5 किग्रा0 अवैध गांजा
2. मोटर साइकिल स्पेलेण्डर नं0 यूपी 33 ए डब्लू 5308

<u>पुलिस टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमर सिंह कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
2. उ0नि0 श्री अंकित त्रिपाठी कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
3. हे0कां0 देवेन्द्र कुमार सिंह, हे0कां0 रामकृष्ण मिश्रा कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
4. का0 अंकुश चौधरी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।